HINDUSTAN PAGE 6

# केमिस्ट्री की परीक्षा में सर्वाधिक उपस्थिति

## प्रवेश परीक्षा

**लखनऊ | कार्यालय संवाददाता**

लखनऊ विश्वविद्यालय में मंगलवार को परास्नातक स्तर के विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश परीक्षा हुई।

दो पालियों में डिफेंस स्टडीज, हिंदी, मध्यकालीन एवं आधुनिक भारतीय इतिहास, दर्शन शास्त्र और बीपीएड, एवं रसायन विज्ञान, फूड प्रोसेसिंग एंड फूड टेक्नोलॉजी, भूगर्भ विज्ञान और राजनीति शास्त्र के परास्नातक पाठ्यक्रम की प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया। जानकारी के अनुसार सुबह की पाली में डिफेंस स्टडीज की प्रवेश परीक्षा में 23 अभ्यर्थी मौजूद रहे और 11 अनुपस्थित। हिंदी की प्रवेश परीक्षा में 285 अभ्यर्थी उपस्थित रहे और 72 अनुपस्थित।

वहीं दूसरी पाली में रसायन विज्ञान के प्रवेश परीक्षा में 639 अभ्यर्थी उपस्थित रहे और 224 अनुपस्थित। फूड प्रोसेसिंग एंड फूड टेक्नोलॉजी में 74 अभ्यर्थी उपस्थित रहे और 75 अनुपस्थित।

## मुख्य कैम्पस में परीक्षा



विश्वविद्यालय में चल रही पीजी प्रवेश परीक्षा को लेकर विश्वविद्यालय की ओर से जारी गलत नोटिस की वजह से छात्रों में भ्रम की स्थिति पैदा हो गई है। दरअसल विश्वविद्यालय की ओर से पांच सितम्बर को पत्र जारी कर बताया गया था कि आठ सितम्बर को होने वाली पीजी प्रवेश परीक्षा न्यू कैम्पस में होगी। लेकिन परीक्षाएं यूनिवर्सिटी के मुख्य कैम्पस में ही होनी हैं। मंगलवार को विश्वविद्यालय ने संशोधित पत्र जारी कर साफ किया कि आठ सितम्बर को प्रस्तावित सभी पीजी प्रवेश परीक्षा मुख्य कैम्पस में होंगी।